जे एस पी एल फाउंडेशन ने किया बाल छवि निर्माण परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

रायगढ़@किरणदूत

स्वस्थ व खुशहाल परिवार की परिकल्पना को साकार करने जिंदल स्टील एन्ड पावर लिमिटेड द्वारा सयंत्र परिक्षेत्र के सभी कर्मियों व निवासियों को घर में सकारात्मक खुशहाल वातावरण बनाए रखने एबच्चों लिए स्वस्थ वातावरण व् विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंसिलिंग सहित कोविड.19 की विशेष परिस्थितियों से उत्पन्न मानसिक दबाव से छुटकारा पाने पर एक्सपर्ट से चर्चा के साथ बाल छवि निर्माण परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एक्सपर्ट सलाहकारों ने सेवायें दी।

जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा ओ पी जिंदल स्कुल की सहभागिता में जिंदल कालोनी परिसर में निवासरत सभी कर्मियोंए निवासियोंएबच्चों व् विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के परामर्श सेवा का आयोजन किया गया। दिनांक 15 फरवरी से 22 फरवरी तक अलग अलग क्षेत्रों में क्रमशः 08 दिनों तक चले बाल छवि निर्माण परामर्श कार्यक्रम से लगभग 350 लोग लाभान्वित हुए। विभिन्न प्रकार के परामर्श सेवा के इस कार्यक्रम में ओ पी जिंदल स्कुल के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियों की विशेषज्ञ डॉ मोनिका त्रिपाठी एहेल्थ फिटनेस एक्सपर्ट पुनीता बोराए मानसिक व शारीरिक तनाव के जानकार आर के तिवारी एकैरियर काउंसलर सुकान्त रॉय एअंकित मिश्रा ए मोटिवेशन व फिटनेस एक्सपर्ट सुशान्त घ?ई ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान उपरोक्त कार्यक्रमों में जे एस पी एल महाप्रबंधक कर्नल रोहिणी कुमार पाठक ए महाप्रबन्धक संजीव गर्ग ए महाप्रबंधक अतनु चटर्जी ए सहायक महाप्रबंधक आशीष गेरा ए सहायक प्रबंधक निर्मल तिवारी सहित सी एस आर के उपमहाप्रबंधक शिशिर तर?दार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है की जे एस पी एल फाउंडेशन द्वारा सयंत्र क्षेत्र के आस पास के ग्रामों के साथ साथ सयंत्र परिक्षेत्र के कर्मियोंए निवासियों एवं विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक खुशहाल वातावरण बनाने एवं जागरूक करने नियमित रूप से स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन निरंतर किया जाता है।